सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—**cm-403**
25/09/2018

मुख्यमंत्री ने मिशन मिडिल स्कूल हादसे में एक बच्चे की मौत पर गहरी शोक संवदेना व्यक्त की

पटना 25 सितम्बर 2018 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बेतिया के क्रिश्चन क्वार्टर स्थित मिशन मिडिल स्कूल की छत गिरने से हुये हादसे में एक बच्चे की मौत पर गहरा दुख एवं संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना काफी दुखद है। मुख्यमंत्री ने हादसे में मृत हुये बच्चे के परिवार को अविलंब अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने इस हादसे में घायल हुये बच्चों के समुचित इलाज का निर्देश भी दिया है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

******